हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, मई 18, 2024

12 साइकिल पर वोटर जागरूकता का संदेश देते विद्यार्थी



12 एयर कमोडोर जैकब ने किया सैनिक स्कूल का निरीक्षण



**खबर संक्षेप**

### भूना में युवक को हेरोइन सहित किया काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए सीआईए स्टाफ की टीम ने भूना क्षेत्र में एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में नशीले पदाथारें की तस्करी रोकने को लेकर गश्त के दौरान बस अड्डा भूना पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि सुरेन्द्र निवासी भूना हेरोइन बेचने का काम करता है और वह हिसार रोड पर शमशान घाट के पास हेरोइन बेचने के लिए खड़ा है।

### 35 हजार की सट्टा राशि सहित सट्टेबाज दबोचा

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने 35 हजार 100 रुपए की सट्टा राशि के साथ एक व्यक्ति को डिंग क्षेत्र से काबू किया है। सीआईए प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान हवा सिंह निवासी गांव कुकड थाना के रूप में हुई है। सीआईए प्रभारी ने बताया कि एक पुलिस टीम सहायक उपनिरीक्षक संदीप कुमार के नेतृत्व में डिग थाना के गांव कुकड़थाना क्षेत्र में मौजूद थी।

### बच्चों को उनकी रुचि के कोर्स में प्रवेश दिलाएं

**सिरसा।** कैरियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग सर्विसेज सिरसा द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों के मार्गदर्शन के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थान की प्रबन्ध निर्देशिका डा. सरोज गोयल ने बताया कि सिरसा तथा आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए सही दिशा में गाइड करने के लिए उनका संस्थान निरन्तर प्रयासरत है।

## अधिकतम तापमान 46 व न्यूनतम तापमान 26 डिग्री किया दर्ज

# सूर्यदेव के तल्ख तेवरों में झुलसे लोग, अभी राहत की उम्मीद नहीं

**मौसम विभाग के अनुसार झुलसा देने वाली हवाओं की रफ्तार 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के खत्म होते ही अब गर्मी का सितम बढ़ना शुरू हो गया है। शुक्रवार को तेज धूप के बीच अधिकतम तापमान 46 डिग्री तक पहुंच गया जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य भी सामान्य से ऊपर रहा। शुक्रवार को यहां का न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार झुलसा देने वाली हवाओं की रफ्तार 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। सूर्यदेव के तल्ख तेवरों के कारण गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़वा दिए हैं। वजह साफ है पूरे प्रदेश में तेज लू नमी को सोख रही है। मौसम विभाग ने आने वाले एक सप्ताह में हीट वेव को लेकर ओरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार आमजन को गर्मी व लू से रूबरू होना पड़ रहा है। दोपहर के समय लोग घरों में रहने को मजबूर है। 31 मई तक प्रदेश में गर्मी का प्रकोप पीक पर रह सकता है। शुक्रवार को फतेहाबाद में सुबह से ही सूर्य देव की तेज किरणों ने लोगों के पसीने छुड़वा दिए। दोपहर तक तो हालात इस कदर बिगड़ गए कि तापमान 46 डिग्री तक जा पहुंचा और लोग घरों में ही दुबक गए। फतेहाबाद में दिन भर गर्म हवाएं चलती रही, जिसकी वजह लोग घर में रहने के लिए मजबूर हुए। शहर में गर्मी का सितम ऐसा था कि दोपहर के वक्त बाजार तथा सड़कें सुनसान दिखीं। ऐसा लग रहा था कि जैसे शहर में कर्फ्यू लगा हो। बढ़ते तापमान की वजह से ठंडे और पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ गई है।



**फतेहाबाद।** गर्मी से बचने के लिए मुंह ढककर जाती छात्रा।

### गर्मी व लू से बचाव को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडि़यों, बच्चों, बुजुगारें और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है।

### अपने जानवरों का लू से कैसे बचाव करें

जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें, यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे, अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें, जानवरों को किसी बंद जगह में न रखें, यदि आपके पास कुत्ता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं, उन्हें सुबह और शाम को घुमाएं जब मौसम ठंडा हो, कुत्ते को गर्म सतह जैसे पटरी, तारकोल की सड़क, गर्म रेत आदि पर न टहलाएं, किसी भी स्थिति में जानवर को

### नौतपा से पहले ही आसमान से बरस रही है आग

इन दिनों वैसाख मास चल रहा है। वैसाख में ही भीषण गर्मी पड़ रही है। इसके बाद ज्येष्ठ मास लगेगा। हर साल ज्येष्ठ माह में नौ दिन ऐसे होते हैं जिसमें भीषण गर्मी पड़ती है, इन्हें नौतपा के नाम से जाना जाता है। नौतपा शुरू होने में पूरे एक सप्ताह का समय है। ज्योतिषियों के अनुसार, 25 मई से नौतपा शुरू होंगे और 3 जून तक रहेंगे। ज्येष्ठ महीने की शुरुआत में सूर्य देव कृतिका नक्षत्र से निकलकर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं। इसके साथ ही नौतपा शुरू हो जाता है। नौ तपा में सूर्य की किरणे सीधे पड़ने के कारण धरती तपने लगती है, सूर्य आग उगलते प्रतीत होते हैं और जल स्वतः खोलने लगता है। इस नौतपा के दौरान इस बार भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। इसके बाद वर्षाकाल में अच्छी बारिश होने की भी उम्मीद है। नौतपा के प्रारंभ के नौ दिन बहुत ज्यादा गर्म रहने वाले हैं। इन नौ दिन में आसमान से आग बरस सकती है।

### लू से बचाव के लिए अपनाएं ये उपाय

लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस, घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड), नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है। नंगे पांव बाहर न जाएं। काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत-खलिहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं।

### वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें

बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें, ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बैचेनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें,उनके शरीर को ठंडक देने के साथ साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं, उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें।

### गर्मी को देखते हुए प्राथमिक स्कूलों का समय बदला जाए : टुटेजा

गर्मी को देखते हुए राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा ने प्राथमिक स्कूलों के समय में बदलाव करने की मांग की है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान विकास टुटेजा ने डीसी को पत्र सौंपकर कहा कि पिछले 5-6 दिनों से गर्मी का प्रकोप निरंतर बढ़ रहा है, जिस कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए प्राथमिक स्कूलों का समय सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक किया जाए ताकि बच्चों को भीषण गर्मी के प्रकोप से बचाया जा सके।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने डबवाली विस क्षेत्र के स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण




**डबवाली।** जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने शुक्रवार को डबवाली के डा. भीम राव अंबेडकर महाविद्यालय में स्थापित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और ईवीएम व मतदान के लिए तैयार की जा रही अन्य सामग्री का बारीकी से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा, लाइट, स्वच्छता व नियमों की पालना के बारे में समीक्षा की। इस अवसर पर डबवाली के एआरओ एवं एसडीएम अभय सिंह मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ईवीएम मशीनों को तैयार करते समय इनमें प्रयोग होने वाली बैंटरी की चार्जिंग अच्छी प्रकार से चैक कर लें। इसके अलावा मतदान प्रक्रिया में प्रयोग होने वाले सभी प्रकार के फार्मों व अन्य सामग्री को अच्छी प्रकार से जांच कर थैलों में डालें। उन्होंने कहा कि चुनाव को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपूर्ण करवाना अधिकारियों का कर्तव्य है। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कोई शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पूरी की जाए।

## नागरिक लू से बचाव के लिए करें उपाय और पक्षियों व पशुओं के लिए रखें पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 4-5 दिनों में रा'य में शुष्क मौसम, तापमान में वृद्धि और लू की स्थिति रहने की चेतावनी जारी की है। हीटवेव से जिला भी अधिक प्रभाव हो सकता है। ऐसे में सभी नागरिक मौसम को देखते हुए कुछ जरूरी एहतियात बरतें और पक्षियों व पशुओं के लिए भी पानी का प्रबंध करें। उपायुक्त आर के सिंह ने कहा कि हीटवेव को देखते हुए नागरिक इस अवधि के दौरान अपना जरूरी कार्य सुबह और शाम को करें। दोपहर को बहुत जरूरी कार्य हो तभी घर से बाहर जाएं अन्यथा घर पर ही रहें। इस दौरान बुजुगारें, पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों और शिशुओं का विशेष ध्यान रखें और उन्हें गर्मी से बचाएं। हल्के रंग के हल्के सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर निकलते समय अपना सिर ढकें इसके लिए कपड़े, टोपी या छाता का उपयोग करें। बार-बार पानी पिएं। प्यास न होने पर भी पर्याप्त पानी पिए। खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस, घर का बना पेय, तोरण (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें।



# कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

कंप्यूटर के कार्य करने के तरीके को जानकर उसका सुचारू रूप से संचालन करना कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर का कार्य होता है। कंप्यूटर अनुदेशक कंप्यूटर को इंस्ट्रक्टशन देता है या फिर कंप्यूटर इंस्ट्रक्टशन को लोगों को आम भाषा में सिखाता है इसे आप आसान भाषा में कंप्यूटर अध्यापक भी कह सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि कंप्यूटर का उपयोग आज के समय में बड़े पैमाने पर किया जाता है। इसके लिए कंप्यूटर को इंस्ट्रक्टर करने वाले लोगों की भी डिमांड देश और दुनिया में हर दिन बढ़ रही है तो आइए कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के बारे में जानते हैं।

## कंप्यूटर का आज बहुत महत्व

कंप्यूटर का उपयोग तथा उसका महत्व क्या है? यह बात आप भली-भांति जानते ही होंगे, क्योंकि आज के समय में कंप्यूटर प्रत्येक छोटा से छोटा और प्रत्येक बड़ा से बड़ा कार्य कर लेता है। कंप्यूटर पर आज के समय में दुनिया भर के प्रत्येक काम किए जाते हैं। कंप्यूटर की मदद से ही बड़ी-बड़ी कंपनियां और बड़े बड़े उद्योगों को चलाया जाता है। इस तरह से कंप्यूटर की उपयोगिता के आधार पर आप इसकी जरूरत और इससे होने वाले फायदों के बारे में भली-भांति जान सकते हैं। कंप्यूटर आज के दैनिक जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाला एक आम उपकरण बन चुका है जिसका इस्तेमाल भारत में तथा दुनिया भर में 80% से भी अधिक आबादी करती है। कंप्यूटर का उपयोग ज्योति नहीं करते हैं वह कंप्यूटर के द्वारा निर्मित या कंप्यूटर के सहयोग से बनी हुई वस्तुओं का उपयोग अवश्य करते हैं। इस बात से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कंप्यूटर आज के समय में कितना महत्वपूर्ण उपकरण बन चुका है। कंप्यूटर पर आधारित बड़े-बड़े उद्योग और बड़ी-बड़ी कंपनियां संचालित हैं। कंप्यूटर की मदद से ऑनलाइन कार्य किए जाते हैं और हर तरह के काम को आसान बनाया जाता है। कंप्यूटर बहुत सारे लोगों का काम अकेला ही तथा कुछ ही समय में कर देता है इसके अलावा काफी आसान तरीके से काम को निपटा देता है इसीलिए कंप्यूटर का महत्व है।

## कौन होता है कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर

एक ऐसा व्यक्ति जो कंप्यूटर की प्रणालियों को समझ कर लोगों के इस्तेमाल के लिए कंप्यूटर को तैयार रखता है या कंप्यूटर की प्रणालियों को समझ कर लोगों को आसान भाषा में बताता है, ऐसे व्यक्ति को हम कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर कहते हैं। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर एक प्रकार का कंप्यूटर अध्यापक होता है जो कंप्यूटर से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्य करता है। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर का कार्य आमतौर पर बड़े-बड़े सरकारी विद्यालयों में तथा बड़े-बड़े प्राइवेट शिक्षण संस्थान में बच्चों को कंप्यूटर की क्लास के दौरान होता है।

### क्या होता है कार्य

कंप्यूटर एक ऐसा उपकरण है जो जटिल से जटिल कार्य को कम से कम समय में पूरा कर देता है। कंप्यूटर को समझना बहुत आसान है और बहुत कठिन भी है क्योंकि हम जितना कंप्यूटर को समझेंगे उतना हम कार्य कर सकते हैं। लेकिन हम कंप्यूटर को पूरी तरह से नहीं समझ सकते, क्योंकि हम जितना चाहे उतना कंप्यूटर को समझ सकते हैं और जितना चाहे उतना अपनी समझ के अनुसार कंप्यूटर से कार्य करवा सकते हैं जो व्यक्ति जितना अधिक कंप्यूटर के क्षेत्र में आगे बढ़ता है। कंप्यूटर की शिक्षा प्राप्त करता है। वह उसके अनुकूल कंप्यूटर से संबंधित शिक्षा ग्रहण कर लेता है

## कंप्यूटर अनुदेशक की योग्यताएं

कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनना चाहते हैं तो आपको कुछ योग्यताएं पास करनी होगी, जिसके बाद ही आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन सकते हैं क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण पद है। प्रत्येक व्यक्ति को कंप्यूटर के सेक्टर में अतिरिक्त और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त नहीं होती है। अगर आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनना चाहते हैं, तो आपको कंप्यूटर से संबंधित कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर की प्रणाली को गंभीरता से जानना होगा। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने की योग्यता इस प्रकार है।

- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए आपको कंप्यूटर के सेक्टर में गहरी रूचि होनी चाहिए।
- आपके पास कंप्यूटर के क्षेत्र मे डिप्लोमा या कोई अतिरिक्त उच्च डिग्री होनी चाहिए।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आपको कंप्यूटर को गहराई से समझना होगा।
- कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और कंप्यूटर की प्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करनी होगी।
- कंप्यूटर अनुदेशक बनने के लिए संबंधित शिक्षण संस्थान तथा वैकेंसी के अंतर्गत आवेदन करना होगा। कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए संबंधित लिखित एवं महत्वपूर्ण परीक्षा पास करनी होगी।

**कैसे बनें :** सरकारी नौकरी के तहत कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आपको शिक्षण संस्थान या संस्था द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती के लिए मांगे गए आवेदन के अंतर्गत आवेदन करना होगा।

- आवेदन करने के बाद निर्धारित की गई योग्यता के आधार पर अपनी योग्यता सिद्ध करनी होगी।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के लिए आयोजित परीक्षा अच्छें अंकों के साथ पास करनी होगी, तभी आपका नंबर मेरिट लिस्ट में आ पाएगा।
- अगर आपका नाम मेरिट लिस्ट में आ जाता है तो आप कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बन जाते हैं।
- कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनने के बाद कार्यरत होने से पहले आपको संबंधित अपने सभी दस्तावेजों को प्रमाणित करवाना होता है।
- प्राइवेट सेक्टर में कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर बनाने के लिए आपको संस्था या शिक्षण संस्थान के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा।

12वीं की पढ़ाई के बाद यह एक ग्रेजुएशन डिग्री कोर्स

# बिजनेस की बारीकियां समझते हैं तो बीबीए कर बना सकते हैं अच्छा करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## युवाओं के लिए बन रहा पहली पसंद



विद्यार्थी अपने करियर में कई तरह के डिग्री व डिप्लोमा कोर्स कर के करियर को सफल बनाने के बारे में प्रयास करता है। विद्यार्थी अपने विषय वर्ग के आधार पर ही उच्च स्तर के पढ़ाई के बारे में सोचता है और उच्च स्तर की पढ़ाई को अपने



ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के विषय वर्ग के आधार पर ही तय करता है। जो विद्यार्थी बिजनेस से संबंधित कोर्स करना चाहते हैं। यानी कि जो विद्यार्थी अपने भविष्य में बिजनेस को कैसे बढ़ाया जाए और बिजनेस से जुड़ी इकोनामी और मार्केटिंग स्ट्रैटजी के बारे में डिग्री लेना चाहते हैं, तो उन विद्यार्थियों के लिए भी बीबीए की डिग्री बहुत ही ज्यादा उपयोगी साबित होती है। विद्यार्थी बीबीए की डिग्री लेकर अपने भविष्य को बिजनेस के क्षेत्र में सफल बना सकता है। आज के आर्टिकल में हम आपको बीबीए कोर्स क्या होता है और बीबीए कोर्स कैसे करें, इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।

### क्या होता है बीबीए

भारत में बहुत सारी यूनिवर्सिटी जो बीबीए कोर्स विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाती है। बीबीए कोर्स जो 12वीं की पढ़ाई के बाद एक ग्रेजुएशन डिग्री कोर्स है। इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी को 6 सेमेस्टर यानी कि 3 साल तक पढ़ाई करनी होती है। बीबीए कोर्स करने के पश्चात विद्यार्थी बिजनेस से संबंधित कई क्षेत्रों में नौकरी हासिल कर सकता है और उसके बाद मास्टर डिग्री के तौर पर एमबीए की डिग्री लेकर अपने भविष्य को सुधार सकता है। बीबीए का फुल फॉर्म "बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन" है। जिसे हिंदी में व्यवसाय प्रबंधन में ग्रेजुएशन कहा जाता है।

### क्या है योग्यता

जो विद्यार्थी बीबीए कोर्स करना चाहता है। उस विद्यार्थी के पास कुछ योग्यता होनी अनिवार्य है। क्योंकि योग्यता के आधार पर ही विद्यार्थी को बीबीए कोर्स में आवेदन मिलता है। बीबीए कोर्स करने वाले उम्मीदवार के पास किसी भी विषय वर्ग के साथ 12वीं कक्षा में न्यूनतम 50% अंक होना अनिवार्य है। कई ऐसे सरकारी कॉलेज है, जो 60% न्यूनतम अंक पूछते हैं। बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेने वाले विद्यार्थी को किसी भी विषय वर्ग के साथ 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी है और बारहवीं कक्षा के बाद किसी कॉलेज में एंट्रेंस एग्जाम आयोजित होता है। तो उस एंट्रेंस एग्जाम में भाग लेकर एडमिशन लेना होगा। अन्यथा आप डायरेक्ट बारहवीं कक्षा के बाद बीबीए कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं।

### कैसे करें बीबीए

जो विद्यार्थी बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करना चाहता है। उस विद्यार्थी के लिए नीचे कुछ चरण मौजूद करवाए गए हैं। उन चरणों को फॉलो करते हुए विद्यार्थी बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स कर सकता है। सर्वप्रथम विद्यार्थी को बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करने के लिए 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। 12वीं कक्षा में विद्यार्थी न्यूनतम 50% या न्यूनतम 60% अंक के साथ पास कर सकता है। कई कॉलेज जो 50% अंक के बावजूद भी आप को एडमिशन दे देते हैं। लेकिन कई कॉलेज में न्यूनतम मार्क्स के तौर पर 60% अंक होने अनिवार्य है। बारहवीं कक्षा के पश्चात विद्यार्थी बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के लिए कॉलेज में जाता है। कॉलेज मिलने के बाद उम्मीदवार को 3 साल की अवधि यानी कि 6 सेमेस्टर में अच्छे से पढ़ाई करते हुए इस कोर्स को पूरा करना है और बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट हासिल करना है।

### कितनी फीस होती

बीबीए करने के लिए कितना खर्चा आएगा इसके बारे में बात की जाए, तो बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन करने वाले उम्मीदवार को फीस के तौर पर 3 साल में कुल 100000 से लेकर 150000 तक खर्चा आता है। कई प्राइवेट कॉलेज में इससे अधिक भी हिसाब से वसूली जा सकते हैं।

**बेहतरीन कॉलेज :** भारत की जनसंख्या के आधार पर भारत में लाखों की संख्या में विश्वविद्यालय में मौजूद होंगे लेकिन कई बार भारत के टॉप कॉलेज पर बात आकर अटक जाती है। भारत के टॉप बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कॉलेज की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैः क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बैंगलोर, एमिटी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल, नोएडा, इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, नोएडा विल्सन कॉलेज, मुंबई, शैलेश जे मेहता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, मुंबई, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, महाराष्ट्र, एस. पी. जैन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई, नेशनल इंस्टियूट ऑफ मैनेजमेंट, राजस्थान।



### कितने साल का कोर्स

बीबीए कोर्स कितने साल का होता है? यह सवाल कई लोगों के मन में हमेशा खटकता रहता है। बीबीए कोर्स दो-तीन साल की अवधि के लिए कॉलेज के द्वारा प्रदान करवाया जाने वाला एक ग्रेजुएशन कोर्स है। जिसे विद्यार्थी 3 साल यानी कि 6 सेमेस्टर के दौरान पूरा कर सकता है। विद्यार्थी 6 सेमेस्टर के साथ इसका सर्टिफिकेट हासिल कर सकता है।

### कोर्स के विषय

बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स करने वाले उम्मीदवारों को बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर किन किन विषयों के साथ हो सकता है। इसके बारे में जानकारी लेना बहुत ही ज्यादा जरूरी है, जो विद्यार्थी बी बी ए का कोर्स कर रहा है। उन विद्यार्थियों के लिए बीए में कौन-कौन से विषय होते हैं। उसकी सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

- फाइनेंसिएल एकाउंटिंग
- प्रिंसिपल ऑफ मैनेजमेंट
- क्वांटीटेटिव टेक्निकस
- बिजनेस इकॉनोमिक्स
- कॉस्ट एकाउंटिंग
- मैनेजमेंट एकाउंटिंग
- स्टेटिस्टिक मैनेजमेंट
- डायरेक्ट एंड इन डायरेक्ट टैक्स
- मार्केटिंग मैनेजमेंट
- बिजनेस मैथिमेटिक्स
- सिक्योरिटी एनालिसिस
- कॉरपोरेट प्लानिंग
- प्रोडक्शन एंड मैटिरियल मैनेजमेंट
- इंटरनेशनल मार्केटिंग
- ऑर्गेनाइजेशन बिहेवियर
- ऑपरेशनस रिसर्च
- इंडस्ट्रियल रिलेशनस
- पर्सनल मैनेजमेंट
- बिजनेस फाइनेंस
- इंवायरमेंटल मैनेजमेंट
- हयूमेन रिसोर्स मैनेजमेंट
- सेल्स एंड डिस्ट्रिब्यूशन

### बीबीए के बाद क्या करें

जो विद्यार्थी बी बी ए का कोर्स कर लेता है, तो उसके पश्चात विद्यार्थी को आगे मास्टर डिग्री के तौर पर एमबीए की डिग्री लेने का एक सुनहरा मौका होता है। एमबीए की डिग्री लेने के बाद विद्यार्थी अपने आपको बिजनेस के क्षेत्र में काफी परफेक्ट बना सकता है और बिजनेस के कई विषयों को गहराई के साथ पढ़ सकता है। जो विद्यार्थी बीबीए कोर्स करने के बाद डिग्री लेने की बजाय सीधा जॉब करना चाहता है, तो बीबीए कोर्स के बाद विद्यार्थी जॉब कर सकता है। लेकिन बीबीए कोर्स के बाद कौन-कौन से कोर्स किए जा सकते हैं। इसकी सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

*एमबीए, पीजीडीएम, एलएलबी, चार्टर्ड एकाउंटेंट, बैंकिंग में पीजी डिप्लोमा, एमएमएस, वित्त प्रबंधन में मास्टर्स, डाटा साइंस में पीजी सर्टिफिकेशन, डिजिटल मार्केटिंग में मास्टर्स ।*

***जॉब के अवसर :*** *जो उम्मीदवार बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेने के बाद नौकरी की तलाश कर रहे हैं। उन विद्यार्थियों के लिए कई तरह की नौकरी **bba** कोर्स करने के बाद उपलब्ध हो जाती है। विद्यार्थी बीबीए कोर्स करके नीचे दिए गए निम्नलिखित पदों पर नौकरी प्राप्त कर सकता है:*

- बिज़नेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव
- एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट
- मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव
- यात्रा एवं पर्यटन मैनेजर
- इवेंट मैनेजर

# नेतृत्व का अर्थ केवल आदेश देना नहीं, बल्कि समूह को प्रेरित करना और आगे बढ़ाना भी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

नेतृत्व का महत्व हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में है, चाहे वह व्यवसाय हो, राजनीति हो, सामाजिक कार्य हो या शिक्षा। खासकर छात्रों के लिए, नेतृत्व कौशल का विकास अत्यंत आवश्यक है क्योंकि वे भविष्य के नेता हैं। नेतृत्व का सही अर्थ केवल आदेश देना नहीं है, बल्कि समूह को एक दिशा में प्रेरित करना और उनके साथ मिलकर लक्ष्यों को प्राप्त करना है। इस लेख में, हम छात्रों में नेतृत्व कौशल के महत्व, उनके विकास के तरीके और उनके प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे। नेतृत्व का सीधा संबंध समाज और संगठन के विकास से है। एक अच्छा नेता केवल अपने अनुयायियों को ही नहीं, बल्कि समग्र समाज को भी प्रगति की दिशा में ले जाता है। छात्रों के लिए, नेतृत्व कौशल बहुत महत्वपूर्ण हैं।

## आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का होता विकास

**स्वयं की पहचानः** नेतृत्व छात्रों को अपनी पहचान स्थापित करने में मदद करता है। इससे उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का विकास होता है।

**समूह कार्यः** नेतृत्व कौशल छात्रों को टीम के साथ मिलकर काम करने की क्षमता प्रदान करता है। यह उन्हें समूह में सामंजस्य बैठाने और दूसरों के विचारों का सम्मान करने के लिए प्रेरित करता है।

**निर्णय लेने की क्षमताः** एक नेता को सही समय पर सही निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। छात्रों में यह क्षमता उन्हें भविष्य में जटिल परिस्थितियों का सामना करने में मदद करती है।

**संचार कौशलः** नेतृत्व कौशल छात्रों में प्रभावी संचार कौशल का विकास करता है, जो उनके शैक्षिक और व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण होता है।

**नेतृत्व कौशल का विकास एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसे निम्नलिखित तरीकों से प्राप्त किया जा सकता हैः**

**शैक्षिक कार्यक्रम और कार्यशालाएंः** विद्यालय और कॉलेज नेतृत्व कौशल के विकास के लिए विशेष कार्यक्रम और कार्यशालाओं का आयोजन कर सकते हैं। इनमें छात्रों को नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया जा सकता है।

**समूह परियोजनाएंः** छात्रों को समूह परियोजनाओं में शामिल करना नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने का एक प्रभावी तरीका है। इससे वे एक टीम में काम करना और नेतृत्व करना सीखते हैं।

**विवाद और भाषण प्रतियोगिताएंः** इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों के विचारों की स्पष्टता और संप्रेषण कौशल में सुधार होता है।

### नेतृत्व का प्रभाव

नेतृत्व कौशल का छात्रों के जीवन पर व्यापक प्रभाव होता है। यह न केवल उनके शैक्षिक प्रदर्शन को सुधारता है, बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन को भी समृद्ध बनाता है।

**सफलता की ओर अग्रसर होते हैंः** एक अच्छा नेता अपनी क्षमताओं और अन्य लोगों की क्षमताओं को पहचानता है और उन्हें सही दिशा में निर्देशित करता है।

**समस्याओं का समाधान करते हैंः** नेतृत्व कौशल समस्याओं का विश्लेषण करने और उनका समाधान खोजने की क्षमता प्रदान करता है।

**अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बनते हैंः** अच्छे नेतृत्व कौशल वाले छात्र अपने साथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत होते हैं, जिससे पूरी छात्र समुदाय का विकास होता है।

**समाज में योगदान देते हैंः** नेतृत्व कौशल से लैस छात्र समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य करते हैं और समाज की प्रगति में योगदान देते हैं।

नेतृत्व कौशल का विकास छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह उन्हें न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में भी सफल बनाता है। विद्यालयों और कॉलेजों को चाहिए कि वे छात्रों में नेतृत्व कौशल के विकास के लिए विशेष प्रयास करें और उन्हें ऐसे अवसर प्रदान करें जिनसे वे एक प्रभावी और जिम्मेदार नेता बन सकें। छात्रों में नेतृत्व कौशल का विकास एक सशक्त और प्रगतिशील समाज की नींव रखता है। नेतृत्व कौशल किसी भी देश के विकास और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। यह तथ्य विशेष रूप से भारत जैसे युवा देश के लिए अधिक महत्वपूर्ण है, जहां युवा जनसंख्या देश की कुल जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा बनाती है। युवा ही भविष्य के नेता होते हैं और उनका नेतृत्व कौशल देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास में अहम भूमिका निभाता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** किसे कंप्यूटर का पितामह कहा जाता है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) जोसेफ जैक्युर्ड

**2.** कम्प्यूटर के विकास में सर्वाधिक योगदान किसका है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) वान न्यूमन

**3.** प्रथम अंकीय कम्प्यूटर के ब्लू प्रिंट के विकास में सर्वाधिक योगदान किसका है
(ए) हरमन होलेरिथ
(बी) चार्ल्स बेबेज
(सी) बेल्स पास्कल
(डी) विलियम बुरोस

**4.** सर्वप्रथम आधुनिक कम्प्यूटर की खोज कब हुई
(ए) 1946 ई.
(बी) 1950 ई.
(सी) 1960 ई.
(डी) 1965 ई.

**5.** कम्प्यूटर की भौतिक बनाबट कहलाती है
(ए) सॉफ्टवेयर
(बी) हार्डवेयर
(सी) फर्मवेयर
(डी) ह्यूमन वेयर

**6.** कम्प्यूटर के संचालन में प्रयुक्त प्रोग्राम.नियम तथा कम्प्यूटर क्रियाओं से सम्बन्धित अन्य लिखित सामग्री को कहा जाता है
(ए) सॉफ्टवेयर
(बी) हार्डवेयर
(सी) नेटवर्क
(डी) फर्मवेयर

**7.** कम्प्यूटर का नियंत्रक भाग कहलाता है
(ए) प्रिंटर
(बी) कुंजी पटल
(सी) **CPU**
(डी) हार्ड डिस्क

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(सी)

## खबर संक्षेप

### 24 बोतल अवैध देशी शराब सहित एक काबू

**नारनौंद।** पुलिस ने एक व्यक्ति को 24 बोतल अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना नारनौंद में तैनात उप निरीक्षक अमृतलाल ने बताया कि गांव मिलकपुर से गश्त पड़ताल दौरान एक मोटरसाइकिल को शक के आधार पर रुकवाकर पीछे रखे प्लासटिक कट्टे की तलाशी ली गई तो 24 बोतल अवैध देशी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान सुनील पुत्र रामनिवास निवासी राखी खास के रूप में हुई। जिसको न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

### अवैध रूप से शराब बेचते आरोपी को पकड़ा

**हिसार।** अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की एबीवीटी पुलिस टीम ने वार्ड नंबर 10 बरवाला से एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचते हुए काबू कर 13 बोतल शराब बरामद की है। पूछताछ में उसने अपना नाम वार्ड 10 निवासी प्रीतम बताया। तलाशी में उसके पास रखे कट्टे से 13 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने उस पर केस दर्ज कर लिया है।

### 10 टीमें मतदाताओं को कर रही जागरूक

**हिसार।** लोकसभा चुनाव हरियाणा में आने वाली 25 मई को होगा। इसको लेकर नगर निगम ने जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। शुक्रवार को मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर निगम के सेल्फ हेल्प ग्रुप व 10 टीमों द्वारा घर-घर जाकर आमजन को वोट देने की अपील की जा रही हैं। ग्रुप के द्वारा मत के महत्व को समझते हुए अपने अधिकारों का ज्ञान करवाकर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूता अभियान चलाया जा रहा हैं। यह अभियान निरंतर 23 मई तक चलेगा। शुक्रवार को मिलगेट, 12 क्वाटर रोड, मिजार्पुर रोड, कौशिक नगर, शिव नगर, सातरोड, जिदंल चौक नजदीक देवीलाल पार्क, कुम्हारान मोहल्ला, सैनियान मोहल्ला, डोगरान मोहल्ला, आजाद नगर आदि क्षेत्र अभियान चलाया।

### 1790722 मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग

**हिसार।** हिसार लोकसभा क्षेत्र के रिटनिंग अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने जिले के सभी मतदाताओं से 25 मई के दिन मतदान करने का आह्वान किया है। हिसार लोकसभा में 1790722 कुल मतदाता हैं, जिनमें से 955230 पुरुष, 835481 महिला व 11 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। उचाना कलां विधानसभा क्षेत्र में 216998, आदमपुर विधानसभा में 179450, उकलाना विधानसभा में 216753, नारनौंद विधानसभा में 213431, हांसी विधानसभा में 202329, बरवाला विधानसभा में 186545, हिसार विधानसभा में 178803, नलवा विधानसभा में 181270 व बवानीखेड़ा में 215143 मतदाता 25 मई को अपने मत का प्रयोग करेंगे।

### पुलिस ने लॉज व ढाबों पर चलाया जांच अभियान

**हिसार।** प्रदेश में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस ने जिले में विभिन्न स्थानों पर होटल, लॉज और ढाबों पर चैकिंग अभियान चलाया।

---

जिला प्रशासन ने दी फिर चेतावनी

# खर्च रजिस्टर का ब्यौरा न देने वाले उम्मीदवारों को नहीं मिलेगी किसी भी प्रकार की अनुमति

### जिन प्रत्याशियों को सौंपे थे नोटिस, वे चुनाव खर्च का ब्यौरा खर्च पर्यवेक्षक कार्यालय में जल्द भेजें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

खर्च पर्यवेक्षक विजय सिंह ने कहा है कि 25 मई को मतदान के बाद चार जून तक भी कोई उम्मीदवार किसी भी प्रकार का कार्यक्रम करता है या कोई अन्य खर्च करता है तो वह भी उसके चुनावी खर्च में जोड़ा जाएगा। जिन सात उम्मीदवारों को खर्च रजिस्टर चैक न करवाने के लिए नोटिस दिए गए थे, वे सभी जल्द से जल्द अपने चुनाव खर्च का ब्यौरा खर्च पर्यवेक्षक कार्यालय में भेजें।

अगर वे जल्द से जल्द अपने चुनावी खर्च का ब्यौरा नहीं देते हैं तो उन्हें जनसभा, रैली, रोड शो या अन्य किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं दी जाएगी। खर्च पर्यवेक्षक ने कहा कि किसी भी प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में आने वाले स्टॉर प्रचारक के ठहरने वाले होटल या लॉज का खर्चा भी संबंधित उम्मीदवार के चुनावी खर्च में जोड़ा जाएगा। इसके अलावा शहर में घुमने वाले ई-रिक्शा या अन्य कोई वाहन किसी भी प्रत्याशी की प्रचार सामग्री लगाकर घूम रहे हैं तो उनके पास संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति होनी आवश्यक है। अगर उनके पास किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं है तो संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी आईपीसी प्रावधानों के अनुरूप कानूनी कार्रवाई अमल में लाएं।



सिरसा। ईंट भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों को मतदान के प्रति जागरूक करते।



सिरसा। मतदान करने की शपथ लेते शिक्षक व विद्यार्थी।

### ईंट भट्ठे पर कार्य करने वाली लेबर को मताधिकार के प्रयोग के लिए किया जागरूक

**सिरसा।** जिला के गांव कर्मगढ़ में ईंट भट्ठे पर कार्य करने वाली लेबर को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बेनीवाल ने गांव कर्मगढ़ के ईंट-भट्ठे पर कार्य करने वाली लेबर को आगामी 25 मई को वोट डालने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन हर मतदाता अपने संबंधित पोलिंग बूथ पर पहुंच कर अवश्य मतदान करें ताकि जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके। रेडक्रॉस के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी ने ईंट भट्ठे पर काम करने वाली लेबर को मताधिकार का प्रयोग की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि हमें अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए व आस-पड़ौस तथा रिश्तदारों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने गांव साहुवाला-प्रथम में भी ग्रामीणों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस के उप अधीक्षक पवन राणा, साहुवाला-प्रथम से रेडक्रॉस के वालंटियर गगन वर्मा व ईंट-भट्ठे के मालिक कपिल कालरा, गुलशन मिढ़ा भी उपस्थित थे।

### 1950 टोल फ्री नंबर पर आने वाली शिकायतों पर हो रही त्वरित कार्रवाई

**सिरसा।** जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी कर दिया गया है। लघु सचिवालय में टोल फ्री नंबर के लिए विशेष तौर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर मतदाता सूची, मतदान केंद्र संबंधित जानकारी प्राप्त करने के अलावा चुनाव से संबंधित सुझाव व शिकायत भी दर्ज कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 1950 टोल फ्री नंबर पर आने शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक्शन लिया जा रहा है। इसके अलावा जो कॉल जानकारी प्राप्त करने के लिए आते हैं उन्हें चुनाव से संबंधित सटीक जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति पर तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

### शिक्षकों व विद्यार्थियों ने ली मतदान करने की शपथ

**सिरसा।** आरकेपी नेहरू पार्क सीनियर सेकेंडरी सिरसा स्कूल के स्टाफ सदस्यों तथा 18 वर्ष के विद्यार्थियों को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए कार्यक्त्रम आयोजित किया गया। स्कूल के निदेशक अजय अग्रवाल व नरेश गोयल ने बताया कि मां शारदा एजुकेशन सोसायटी के प्रधान सुमन मित्तल ने मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि मत देना हमारा अधिकार भी है और दायित्व भी। उन्होने सभी को शपथ दिलाई कि मतदान वाले दिन अपने मत का प्रयोग निर्भीक हो कर बिना किसी तरह के प्रलोभन से प्रभावित हुए व बिना किसी के बहकावे में आए अपनी सोच अनुसार करें।

### युवा नशे से दूर रह कर समाज को सशक्त बनाएं

**सिरसा।** जेसीडी शिक्षण महा विद्यालय ने एंटी-ड्रग अभियान को बढ़ावा देने के लिए एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि विद्यापीठ के महानिदेशक डा. कुलदीप सिंह ढींडसा ने शिरकत की। डॉ. ढींडसा ने कहा कि यह प्रतियोगिता नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण पहल है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाना है और युवा पीढ़ी को सशक्त बनाना है ताकि वे स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जी सकें। इस प्रकार के आयोजनों से नशे के खिलाफ लड़ाई में जनता की सक्त्रिय भागीदारी बढ़ती है और समाज में जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि नशे का खेल जिंदगी को नष्ट कर देता है। हमें इस अपार समस्या के खिलाफ जागरूकता फैलानी चाहिए। युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए हमें उन्हें शिक्षित करना होगा कि नशे का सेवन उनके भविष्य को कैसे प्रभावित कर सकता है। स्कूलों और कॉलेजों में नशे के खतरों पर जागरूकता कार्यक्त्रम आयोजित करने चाहिए। साथ ही, समाज में नशे के प्रभावों को उजागर करने और सही दिशा में युवा पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए सामुदायिक कार्यक्त्रम भी आयोजित किए जाने चाहिए। हमें युवा पीढ़ी को नशे के हानिकारक प्रभावों से बचने के लिए सक्षम और सामर्थ्यवान बनाना होगा। इस अवसर पर डॉ राजेंद्र कुमार, रमेश कुमार, डॉ. सुषमा रानी हुड्डा, डॉ. निशा , बलविंदर व प्रीति आदि मौजूद थे।

## सी-विजिल की शिकायतों के निपटान के लिए स्थापित किया कंट्रोल रूम

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कोई नागरिक कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हुआ देखे तो उससे संबंधित फोटो, वीडियो, ऑडियो व अन्य साक्ष्य सी-विजिल एप पर अपलोड कर जिला प्रशासन को शिकायत भेज सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग का सी-विजिल एप देश के सभी मतदाताओं को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन रोकने में सक्षम बनाता है। इसके लिए लघु सचिवालय परिसर में स्पेशल कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कोई नागरिक कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हुआ देखे तो उससे संबंधित फोटो, वीडियो, ऑडियो व अन्य साक्ष्य सी-विजिल एप पर अपलोड कर जिला प्रशासन को शिकायत भेज सकता है। एंड्रॉइड फोन यूजर गूगल प्ले स्टोर और एप्पल फोन यूजर एप स्टोर से इस सी-विजिल को डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने जिला के नागरिकों से आह्वान किया कि वे लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। जिला में सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों की सत्यता की परख कर उन पर कार्रवाई करने के लिए टीमें गठित की हुई हैं और सचिवालय परिसर में एक अलग से कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जैसे ही सिरसा जिला से संबंधित सी-विजिल एप पर डाली जाती है तो कंट्रोल रूम से उस एरिया की एफएसटी टीम को फौरन शिकायत भेज दी जाती है।

## पुनीत मित्तल एडवोकेट बने प्रधान

- सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे: पूर्व प्रधान

**सिरसा।** लॉयंस क्लब सिरसा ने नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुनीत मित्तल एडवोकेट ने बताया कि उन्हें प्रधान नियुक्त किया गया है, जबकि कृष्ण गुंबर व नरेश मलिक को उप प्रधान, विवेक बांसल को सचिव, नूतन मेहता को कोषाध्यक्ष, संजय मेहता को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए पूर्व प्रधान एसपी शर्मा व पूर्व कोषाध्यक्ष नकुल मोहंता ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। इस मौके पर डॉक्टर प्रवीण अरोड़ा, मुकेश धींगरा, प्रदीप मेहता, तजिंद्र मित्तल, केदार पाहवा, कृष्ण गुंबर, विजय गर्ग, एसएल गोयल, एडवोकेट उत्तम सिंह ग्रोवर सहित क्लब के अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

## दिव्यांग मतदाताओं में दिख रहा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए जहां युवाओं में जोश देखने को मिल रहा है वहीं 85 साल से अधिक आयु वर्ग के मतदाता व दिव्यांग भी इसमें पीछे नहीं है उनमें भी मतदान के प्रति भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। यह बात बूथ लेवल ऑफिसर गोविल सिसोदिया ने कही। सिसोदिया ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार 85 वर्ग से अधिक आयु वर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए सुविधा प्रदान करते हुए उन्हें घर बैठे ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। जिन्होंने फार्म डी पहले ही भरा हुआ था। सिसोदिया ने बताया कि इसी कड़ी में 90 वर्षीय बुजुर्ग धनराज पुत्र सांवर राम बूथ नंबर 79 निवासी द्वारकापुरी के निवास स्थान पर पहुंची। टीम द्वारा वोटर लिस्ट में नाम व आधार कार्ड से पहचान की गई। इसके पश्चात नियमानुसार गुप्त रूप से मतदान करवाया गया। सिसोदिया ने बताया कि जिला सिरसा से 293 दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के 742 मतदाता है जिनकी घर से ही मतदान की यह प्रक्रिया आगामी 20 तारीख तक चलेगी।



सिरसा। घर से मतदान करते 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता।

## कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद करवाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी से मिली भाजपा लीगल सैल

- लीगल सैल ने पूर्व में दी गई शिकायत पर कार्रवाई की मांग की, मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भाजपा लीगल सैल के प्रतिनिधिमंडल ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त से मुलाकात करके राज्य निर्वाचन आयुक्त के मार्फत आई अपनी शिकायत पर कार्रवाई की मांग लेकर ज्ञापन सौंपा। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने आश्वासन दिया कि शिकायत की निष्पक्ष जांच की जाएगी। लीगल सैल के प्रदेश सह संयोजक प्रवीण जोड़ा व राजीव मल्होत्रा, जिला संयोजक अजय बेनीवाल, राज महक राणा व अन्य पत्रकारों से बातचीत की और पूरे मामले के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एडवोकेट राजीव मल्होत्रा ने बताया कि उनके ध्यान में आया कि हिसार से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ रहे जयप्रकाश ने नामांकन के समय में जो शपथ पत्र लगाया जाता है, उसमें काफी कुछ छिपाया है। मामले ध्यान में आने पर उन्होंने राज्य निर्वाचन आयुक्त को शिकायत दी थी और जिला निर्वाचन अधिकारी को उसकी कॉपी भेजी थी। अभी तक उन्हें शिकायत की जांच बारे कोई जानकारी नहीं दी गई तो वे यहां खुद जानकारी लेने के लिए आए हैं।



हिसार। मामले की जानकारी देते भाजपा लीगल सैल के पदाधिकारी।

## व्यापारियों ने दिया मार्केट कमेटी कार्यालय पर धरना

- अनाज मंडी व खरीद केंद्रों पर गेहूं लिफ्टिंग नहीं होने से व्यापारी नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

अनाज मंडी भूना व खरीद केंद्रों में कई दिनों से गेहूं का उठान नही होने से कारण व्यापार मंडल के व्यापारियों ने मार्केट कमेटी कार्यालय के मुख्य गेट को ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन करके धरना दिया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय मेहता ने बताया की मंडी में गेहूं की उठान को लेकर ठेकेदार खानापूर्ति कर रहा और गाड़ियों की संख्या नाम मात्र मंडी में लगाई जा रही है। जिसके कारण मंडी में गेंहू के लाखों बैग पड़ा हुआ है।जिसके कारण गेहूं के बैग जब तक सरकारी गोदाम में नहीं पहुंचेंगे तब तक किसानों के खातों में पेमेंट आने में देरी हो रही है। व्यापारियों ने कहा कि ठेकेदार गाड़ियों की संख्या नहीं बढ़ा रहा है। इसलिए अनाज मंडी भूना के अतिरिक्त खरीद केंद्र हसंगा,दिगोह,नहला, गोरखपुर में भी लिफ्टिंग का कार्य धीमा चल रहा है परेशानी हो रही है। ठेकेदार की लापरवाही का व्यापारी और किसान दोनों ही खामियाजा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाना चाहिए। व्यापारियों ने कहा कि मौसम खराब होने के कारण किसान और आढ़ती दोनों ही परेशानी झेल रहे। मार्केट कमेटी के सचिव ईश्वर सिंह ढाका ने व्यापारियों को बताया कि लिफ्टिंग का कार्य खरीद एजेंसी के जिला प्रबंधक के दिशा निर्देश पर होता है ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने के अधिकार भी उनके पास हैं। इसलिए मार्केट कमेटी के कार्यालय पर तालाबंदी किया जाने का कोई औचित्य नहीं है। लेकिन व्यापारियों ने मार्केट कमेटी पर लगाए गए ताला नहीं खोला और ठेकेदार की लचर व्यवस्था के खिलाफ सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। व्यापारियों के विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलने के बाद वेयरहाउस के डीएम सुमित कुमार धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिलाया कि मंगलवार तक पूरी मंडी में गेहूं के बैग का उठान हो जाएगा। उन्होंने ट्रांसपोर्ट ठेकेदार को फटकार लगाते हुए उठान कार्य के लिए ज्यादा संख्या में गाड़ियां लगाने के आदेश दिए।



भूना। मार्केट कमेटी कार्यालय पर ताला लगाकर धरना देकर विरोध करते व्यापारी

## जेजेपी ने गुरपाल सिंह गंगा के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जननायक जनता पार्टी की बैठक आज चौटाला हाउस में डॉ. अजय चौटाला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जेजेपी के पंचायतीराज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व गांव के पूर्व सरपंच गुरपाल सिंह गंगा के निधन पर शोक जताया गया। इसके अलावा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. यज्ञदत्त के बड़े भाई साहबराम चकजालू के निधन पर भी शोक व्यक्त किया गया। अजय सिंह चौटाला ने कहा कि सरदार गुरपाल सिंह गंगा व साहबराम चकजालू के निधन से पार्टी को बहुत अधिक नुकसान हुआ है। उन्होंने इस दौरान परमपिता परमात्मा से दिवंगत के परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। उन्होंने कहा कि सरदार गुरपाल सिंह गंगा ने सदैव जेजेपी को सशक्त बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत व ऊर्जा के साथ काम किया। डॉ. चौटाला ने कहा कि उनका असमय चले जाना निश्चित तौर उनके लिए व पार्टी के लिए निजी क्षति है।



सिरसा। गुरपाल सिंह गंगा के निधन पर शोक जताते पार्टी नेता व कार्यकर्ता।

13953 मरीजों का इलाज जारी, कैंप लगाकर लोगों को किया जागरूक

## फतेहाबाद में 14048 हाइपरटेंशन के मरीज मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व हाइपरटेंशन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुभाष व चिकित्सा अधिकारियों को स्वास्थ्य संस्थाओ में कैंप लगाकर लोगों को जागरूक करने व उनकी जांच करने के निर्देश दिये गये। बता दें कि विश्व हाइपरटेंशन दिवस हर साल 17 मई को मनाया जाता है। यह खास दिन साइलेंट किलर नाम से प्रसिद्ध उच्च रक्तचाप रोग के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उदेश्य से मनाया जाता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में लगभग 33 प्रतिशत शहरी व 25 प्रतिशत ग्रामीण आबादी उच्च रक्तचाप का जोखिम है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुभाष की अध्यक्षता में नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मचारियों व अस्पताल में आये हुये मरीजों को बताया कि उच्च रक्तचाप रोग लोगों के स्वास्थ्य की गंभीर समस्या है।



फतेहाबाद। विश्व हाइपरटेंशन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते स्वास्थ्यकर्मी।

### समय पर कराएं जांच

ब्लड प्रेशर बढ़ने के कारण जानना सभी लोगों को आवश्यक है। समय समय पर अपने बी.पी. की जांच करवायें। उम्र, पारिवारिक इतिहास, जीवन शैली, तनाव, खानपान में गड़बड़ी, मोटापा, नमक का अधिक सेवन, शराब व धूम्रपान जैसी आदतें मुख्यरूप से इसके प्रमुख कारण के तौर पर जानी जाती है। जिले में अब तक 30 वर्ष से अधिक आयु वाले कुल 212957 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिसमे 14048 हाइपरटेंशन के मरीज पाये गये है जिसमें 13953 मरीजों का इलाज चल रहा है। इस मौके पर डॉ. मेजर शरद तुली, डॉ. गुंजन, डॉ. विष्णु मित्तल, नर्सिंग अधिकारी प्रकाश रानी, सुशील कुमार व अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नशीली गोलियों सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** मेडिकल नशे की तस्करी करने वालों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने शहर से एक युवक को सैंकड़ों नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान जगजीवनपुरा निवासी जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सी के रूप में हुई है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

### पर्स लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

**रतिया।** आज जहां लोग पैसे के लालच में डूबे हुए है वहीं गांव नंगल के नेभ राज सनेजा व विक्की सनेजा ने ईमानदारी की मिसाल कायम करते हुए उनको मिले पर्स को असली मालिक को सौप दिया। नेमराज सनेजा ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ कल कुरुक्षेत्र से रतिया आ रहा थे तो उसे नरवाना से टोहाना आ रही बस में एक पर्स मिला, जिसमें आधार कार्ड पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, लाइसेन्स नकदी सहित जरूरी कागजात थे। उन्होंने वहां पता करने पर उन्हें मालिक का पता नहीं लगा जिसके बाद आधार कार्ड पर पता देखकर उसे मालिक तक पहुंचाया।

### जिले से तीन युवतियों सहित चार लोग लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियों सहित चार लोगों के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। रतिया पुलिस को दी शिकायत में कक्कू ढाणी, गांव लाम्बा निवासी बब्बूराम ने कहा है कि उसका 24 वर्षीय लड़का अंग्रेज राज रतिया में डेन्टिंग-पेन्टिंग का काम करता है। गत दिवस रोजाना की तरह सुबह वह रतिया में दुकान पर गया था।

### बगीचा सिंह बने पीआरओ एसोसिएशन के प्रधान

**सिरसा।** शहर के विभिन्न निजी अस्पतालों में लोकसम्पर्क अधिकारी के पद पर कार्यरत लोगों ने पीआरओ एसोसिएशन का गठन किया है। एसोसिएशन की एक बैठक हुई जिसमें कार्यकारिणी का गठन किया गया। बगीचा सिंह को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया जबकि गुरविन्द्र सिंह उर्फ सोनू चंदी को सचिव व चेतराम प्रजापति को कोषाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया।

### योगी आदित्यनाथ 20 को सिरसा में करेंगे रैली

**फतेहाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ आगामी 20 मई को सिरसा में पहुंचेंगे। यह जानकारी देते हुए फतेहाबाद बीजेपी के जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने बताया कि सिरसा लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी डा. अशोक तंवर के पक्ष में जनता से वोटो की अपील करने के लिए यूपी सीएम आएंगे।

### 6.550 किलो डोडा पोस्त के साथ दो काबू

**चोपटा।** नाथूसरी चोपटा थाना पुलिस ने विभिन्न स्थानों से दो लोगों को काबू कर उनके कब्जे से 6 किलो 550 ग्राम डोडा पोस्त बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए लोगों के खिलाफ नाथूसरी चौपटा थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया है।

## राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम

# 1000 विद्यार्थियों ने ली शपथ, अभिभावकों को वोट डालने मतदान केन्द्र जरूर भेजेंगे




फतेहाबाद। साइकिल पर वोटर जागरूकता का संदेश देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में चल रही स्वीप की गतिविधियों के अंतर्गत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद में एक साथ एक हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने हाथों में स्लोगन की पट्टियां लिए हुए शपथ ली कि वे 25 मई के दिन अपने अभिभावकों को मतदान केन्द्र में वोट डालने जरूर भेजेंगे। यह शपथ विद्यार्थियों द्वारा मुख्य अतिथि स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी और जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई के सम्मुख खड़े होकर ली। इसी प्रकार 100 से अधिक अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा शपथ ली गई कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे और विद्यार्थियों को भी डोर-टू-डोर भेजकर वोटर जागरूकता अभियान के लिए जागरूक करेंगे। स्थानीय राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद के विद्यार्थियों व जिले भर से आए अध्यापकों को संबोधित करते हुए स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने कहा कि लोकन्त्र को मजबूत करने के लिए अपने मत का प्रयोग अवश्य करें और विद्यार्थी अपने माता-पिता को बूथ केन्द्र पर ले जाकर उनसे मतदान करवाएं और एक सेल्फी भी लें। उन्होंने उपस्थित सभी अध्यापकों को आह्वान किया कि वे 25 मई तक आमजन को जागरूक करें और मतदान का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर 100 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी साइकिलों पर वोटर जागरूकता की स्लोगन पट्टियां लगाई हुई थी। जिन्हें अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि 25 मई तक स्लोगन लगी पट्टियों को साइकिल पर लगा कर रखें और घर से स्कूल जब आते हैं तो आमजन को स्लोगन पट्टियों और नारों के माध्यम से जागरूक करें। कार्यक्त्रम में जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने कहा कि 15 मई के दिन जिले के एक लाख से अधिक विद्यार्थियों ने एक साथ स्कूलों में शपथ लेकर संकल्प लिया है कि वे अपने अभिभावकों को 25 मई को वोट डालने के लिए संकल्प लेंगे। उन्होंने इस अवसर पर शिक्षा विभाग की ओर से जिले में नियमित रूप से स्वीप की गतिविधियों को जारी रखने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त को आश्वासन दिया। इस अवसर पर वोटर जागरूकता पर तैयार किए गए विशेष गीत जागेंगे और जगाएंगे- वोट डालने जाएंगे विद्यार्थियों द्वारा अभिनय किया और सभी का ध्यान अपनी और आकर्षित किया। कार्यक्त्रम में स्कूल के प्राचार्य हरमिन्द्र सिंह व कृष्ण कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### डीसी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा



**रतिया।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए शुक्रवार को रतिया के कम्युनिटी सेंटर में स्थापित स्ट्रांग रूम का निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम व सभी अधिकारियों ओर कर्मियों द्वारा किए जा रहे कायारें की क्रमवार जानकारी प्राप्त की तथा उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान उपायुक्त ने ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का मुआयना करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त राहुल नरवाल ने निरिक्षण कर लोकसभा चुनाव हेतु नियुक्त किए गए अधिकारियों से चुनाव से संबंधित विभिन्न प्रबंधों की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारीयों से लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी एक-एक बिंदु को समझकर आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करें। ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी व सुरक्षा बल के जवान पूरी सतर्कता और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। स्ट्रांग रूम में आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ईवीएम मशीनों को तैयार करते समय इनमें प्रयोग होने वाली बैटरी की चार्जिंग अच्छी प्रकार से चेक कर लें।

## पक्षी प्रेमी ने वेस्टेज पुराने डिब्बों से बनाया गौरया घर



**चोपटा।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पशु-पक्षी की अपनी अहमियत है तथा इन सबकी हिफाजत करना इंसानों का कर्तव्य है। फसलों में जहरीलेकीटनाशकों के प्रयोग से विभिन्न प्रजातियों के पक्षी विलुपत हो रहे हैं, लेकिन अब लोगों में जागरूता से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करते दिखाई दे रहे है। ऐसा ही उदाहरण राजपुरा साहनी के युवा वकील सहारण का हैं जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए गौरेया के संरक्षण के लिए अनूठी पहल शुरू की है। उन्होंने अपने घर में 20 से अधिक गत्ते के घोंसले बना कर लगाए हैं। उन्होंने बताया कि अधिकतर घोसलों में गौरेया के अंडे और बच्चे मौजूद है। रोजाना चिड़ियों की चहचहाहट से इनका घर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वकील अन्य लोगों को भी घरों में गौरेया के संरक्षण के लिए घोसले बनाने के लिए अपील कर रहे हैं। उनका कहना है कि वेस्टेज पुराने डिब्बे आदि से आसानी से घोसले बनाए जा सकते हैं, ओर टुटे-फुटे मटकों से पक्षियों के पानी पीने के लिए शिकोरे बनाए जा सकते हैं।

## सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

पुलिस अधीक्षक डबवाली ने जिला के सभी पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को सोशल व इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव 25 मई को होने निर्धारित हैं। चुनाव आयोग से मिले दिशा-निर्देशों की अनुपालना के तहत जिला मे शांति एवं सौहार्द के वातावरण मे चुनाव सम्पन्न करवाना पुलिस का परम दायित्व है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऐसे अवसर पर असामाजिक तत्व सोशल मीडिया का भी सहारा लेते है, तथा सोशल मीडिया पर झूठे व भ्रामक पोस्ट डालकर व प्रचार करके आमजन को गुमराह कर सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाते है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की झूठी व सनसनी फैलाने वाली पोस्टों से समाज मे असंतोष की भावना को बढ़ावा मिलता है, वही कानून व्यवस्था की स्थिति भी खराब होने की संभावना बनी रहती है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऐसे तत्व व्यक्तिगत तौर पर भी लोगों को उकसाने का प्रयास करते है। उन्होंने पुलिस जिला डबवाली के सभी पुलिस अधिकारियों से ऐसे लोगों पर पैनी नजर रखने व खुफिया तंत्र को हाई अलर्ट पर रखने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की फेक व लोगों मे सनसनी फैलाने वाली पोस्टों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा।

## ओवरलोड ट्रैक्टरों से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढा



सिरसा। बिना ढके मिट्टी ढोता एक ट्रैक्टर चालक।

ओढ़ा में कई दिनों से सर्विस रोड पर स्थित गुरुद्वारा मार्केट के सामने से ट्रैक्टर ट्रालियों द्वारा एक ईंट भट्ठे पर मिट्टी ढोई जा रही है, जिसको लेकर दुकानदार और ग्रामीण काफी परेशान हैं। मिट्टी ढोने वाले ठेकेदार ने एक खेत में अपनी जेसीबी व सात आठ ट्रैक्टर ट्रालियां लगाकर मिट्टी ढोने का जो कार्य शुरू कर रखा है। जब मिट्टी से ऊपर तक भरी ट्रालियां सर्विस रोड पर बने गति अवरोधक से गुजरती है तो मिट्टी रोड पर बिखर जाती है और वहां पर मिट्टी के ढेर लग जाते हैं। इस स्थान पर दो बडे मिष्ठान भंडार व अन्य कई दुकानें है और सारी मिट्टी हवा में उड़कर दुकानों में चली जाती है। मुख्य सड़क पर जो गति अवरोधक बना है वहां तो और भी स्थिति बदतर हो जाती है। दुकानदार भूषण कुमार, जसपाल सिंह, राकेश, सोनू व कृष्ण कुमार आदि ने बताया कि ठेकेदार मिट्टी को तिरपाल आदि से ढककर नहीं लाता और न ही बिखरी हुई मिट्टी को उठाने की जहमत उठाता है। और तो और बिखरी हुई मिट्टी पर पानी का छिड़काव करना भी मुनासिब नहीं समझता। सड़क पर बिखरी हुई मिट्टी की धूल भरी आंधियों से कभी भी दो पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं। इसके इलावा ट्रैक्टरों के ड्राइवर अपने ट्रैक्टर पर बड़े-बड़े स्पीकर लगाकर चलते है। उसकी आवाज में पीछे चलने वाली गाड़ियां हॉर्न बजाती रहती है, लेकिन उन्हें किसी से कोई वास्ता नहीं है।

### हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** वांछित व भगोड़ों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत सख्त कार्यवाही करते हुए थाना कालांवाली के अन्तर्गत आने वाली चौकी सिंघपुरा की पुलिस ने हत्या का प्रयास के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग किया गया डंडा बरामद किया गया है। आरोपी की पहचान प्रगट सिंह पुत्र जगा सिंह निवासी धर्मपुरा के रूप में हुई है। इस सम्बन्ध में प्रभारी चौकी सिंघपुरा उप निरीक्षक चन्दन सिंह ने बताया कि 30 दिसंबर 2023 को लक्ष्मण कुमार पुत्र धर्मपाल निवासी वार्ड न.10 मंडी कालांवाली के ब्यान पर उसके साले सुखराज व उसके दोस्तों द्वारा मिलकर उसके उपर जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज करवाया गया था।

## दिग्विजय के खिलाफ कोर्ट में दायर किया इस्तगासा

- एसपी मसीतां पर लगाए थे साजिश के तहत हमला करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

किसान नेता एसपी सिंह मसीतां ने जजपा के महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला के खिलाफ इस्तगासा दायर किया है। मसीतां ने यह इस्तगासा विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में सवाल पूछने को लेकर दिग्विजय चौटाला द्वारा अगले दिन वीडियो जारी कर जानलेवा हमला करने के आरोप लगाने को लेकर किया है। एसपी मसीतां ने बताया कि वे किसानों के हितों को लेकर हमेशा ही अग्रणी रहे हैं। उन्होंने बताया कि गठबंधन सरकार द्वारा किसानों के साथ किए गए अत्याचारों को लेकर इस बार के चुनावों में किसानों द्वारा फैसला लिया गया था कि सरकार में रही पार्टी के नेताओं से किसानों द्वारा सवाल-जवाब किए जाएंगे न कि विरोध करने की बात हुई थी। मसीतां ने बताया कि इसी फैसले के तहत कुछ दिन पूर्व दिग्विजय चौटाला डबवाली हलके में प्रचार के लिए गए थे। किसानों ने उन्हें रोककर उनसे कुछ सवाल-जवाब किए थे, लेकिन किसानों के सवालों का उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। इसी बात से खफा होकर किसानों ने उन्हें काले झंडे दिखाए और वापस भेज दिया।

### किसान नेता का आरोप

इसके बाद दिग्विजय चौटाला ने एक विडियो जारी कर आरोप लगाया कि एक प्लान के तहत उनपर जानलेवा हमले की साजिश की गई, लेकिन ग्रामीणों की मदद से वे किसी तरह वहां से निकल आए। उन्होंने आरोप लगाया था कि इस पूरे एपिसोड की प्लानिंग घटनाक्त्रम से पहले रात्रि को की गई थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि सवाल करने वाले लोग किसान नहीं, बल्कि वो लोग हैं, जो अलग-अलग राजनीतिक दलों से जुड़े हुए हैं और किसानों की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटियां सेकते हैं। मसीतां ने कहा कि क्या किसान किसी राजनीतिक दल से नहीं जुड़ सकते। वे राजनीतिक दल से जुड़े होने से पहले किसान हैं और किसान की आवाज को किसी सूरत में दबने नहीं दिया जाएगा। दिग्विजय सिंह चौटाला ने उनपर गंभीर आरोप लगाकर उनकी छवि को खराब करने का काम किया है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मसीतां नेकहा कि वे राजनीतिक रूप से तो नहीं, लेकिन कानूनी रूप से अपनी जंग ऐसे भैरूपियों के खिलाफ जारी रखेंगे।

## आईआरबी के पुलिस में विलय के प्रस्ताव से जवानों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



इंडियन रिजर्व बटालियन यानि आईआरबी को हरियाणा पुलिस में विलय सम्बंधी प्रस्ताव को हरियाणा केबिनेट द्वारा मंजूरी दिए जाने से प्रदेशभर के आईआरबी जवानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। हरियाणा सरकार के इस निर्णय पर आईआरबी प्रतिनिधि सतबीर गुर्जर ने सीएम नायब सिंह सैनी व प्रदेश सरकार का आभार जताया है। सतबीर गुर्जर ने कहा कि आईआरबी को हरियाणा पुलिस में विलय करने की मांग को लेकर वे काफी वषारें से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईआरबी जवानों की आज कहीं तो कल कहीं ड्यूटी होती थी, जिस कारण उन्हें अपने परिवार को समय देने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था व क म र्चा री त ना व यु क त जीवन जी रहे थे। सरकार ने इन जवानों की परेशानी को समझा और उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करके विलय के प्रस्ताव को पास कर दिया है जिस कारण आईआरबी जवानों का पूरा परिवार प्रदेश सरकार का आभारी है। सतबीर गुर्जर ने मांग के पूरा होने पर सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी।

## सुरजीत पातर का योगदान सराहनीय

- पातर विश्वस्तरीय साहित्य में भारतीय अग्रदूत थे : स्वर्ण सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक।

सुरजीत पातर विश्व साहित्य में भारतीय साहित्य और संस्कृति के प्रतिनिधि बनकर उभरे। उनका सम्पूर्ण साहित्य विविधापूर्ण भारतीय संस्कृति का दस्तावेज है। वे पंजाबी की ज्ञान परंपरा के सच्चे संवाहक थे। यह बात अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्षमंडल के सदस्य का. स्वर्ण सिंह विर्क ने श्री युवक साहित्य सदन में युगकवि सुरजीत पातर के श्रद्धांजलि समागम में कहे। का. विर्क ने मरहूम शायर के साथ अपनी यादें साझा कीं। उन्होंने कहा कि डा. पातर के अंतिम संस्कार के अवसर पर पंजाब सरकार, विपक्ष के प्रतिनिधियों तथा हजारों कवियों, पाठकों की शमूलियत इस बात का प्रमाण है कि पातर साहब का व्यक्तित्व और कृतित्व बहुत विशाल था। पंजाबी साहित्य अकाडमी, लुधियाना के उपाध्यक्ष डा. हरविंदर सिंह सिरसा ने डा. पातर के रचनाकर्म और साहित्यिक संस्थाओं में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने रेखांकित किया कि डा. पातर के सामाजिक सरोकार बहुत बड़े थे। उन्होंने हर सामाजिक, सांस्कृतिक आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। डा. हरविंदर सिंह ने उनके योगदान को सराहा।

## एटीएम बदलकर खाते से 55 हजार निकाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

टोहाना में पंजाब के एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर अज्ञात ठग ने उसके खाते से 55 हजार की राशि निकाल ली। इस बारे पीड़ित युवक ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। थाना शहर टोहाना पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के जिला संगरूर के गांव कालिया निवासी कुलदीप सिंह ने कहा है कि उसका एसबीआई बैंक ब्रांच जाखल में खाता है और उसने इसका एटीएम कार्ड भी लिया हुआ है 15 मई को सुबह वह अपनी पत्नी को दिखाने के लिए टोहाना के आरएमसी अस्पताल में आया हुआ था। यहां जब उसे पैसों की जरूरत पड़ी तो वह रुपये निकलवाने के लिए चण्डीगढ़ रोड, टोहाना स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम पर गया। वहां उसने दो-तीन बार एटीएम प्रयोग करके रुपये निकालने की कोशिश की लेकिन रुपये निकले। इसी दौरान एक अज्ञात युवक वहां आया और उसने उसकी मदद के बहाने झांसे से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और उसका एटीएम पिन भी देख दिया। कुलदीप सिंह ने कहा कि इसके बाद वह वापस अस्पताल आ गया। कुछ देर बाद धोखाधड़ी का पता चला।

## रोमी मील का बैंडी खेल में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल के छात्र रोमी मील का एशियाई स्तर पर चाइना 2026 बैंडी टीम में चयन हुआ है। छात्र को मिली इस उपलब्धि का आज स्कूल में जश्न मनाया गया। रोमी की यह उपलिब्ध न केवल उसकी असाधारण प्रतिभा एवं कड़ी मेहनत को उजागर करती है बल्कि स्कूल को अंतरराष्ट्रीय खेलों की सुर्खियों में दर्शाती है।

रोमी मील ने खेलों इंडिया 2023 में कांस्य पदक, बैंडी नेशनल गेम्स फेडरेशन कप 2023 में गोल्ड मेडल एवं बैडी नेशनल गेम्स स्टेल लेवल 2024 में स्वर्ण पदक जीत कर अपने अभिभावकों व विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की ओर से रोमी को एक स्मृति चिह्न एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। रोमी को नेशनल लेवल पर गोल्ड प्राप्त करने पर आगामी ऐशियन गेमस 2026 के लिए चयन हुआ है, जोकि स्कूल, समाज व देश के लिए गौरव की बात है। बैंडी एसोसिएशन द्वारा रोमी को जून माह में रशिया में ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। प्रधानाचार्या पूनम ने रोमी मील की इस सफलता को सराहा एवं गर्व महसूस करते हुए कहा कि यह सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने रोमी मील के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे आगामी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में रोमी मील को सम्मानित करते प्रधानाचार्या पूनम।

## एयरफोर्स अधिकारी ने कैडेट्स का किया मार्गदर्शन

# एयर कमोडोर जैकब ने किया सैनिक स्कूल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। सैनिक स्कूल खाराखेड़ी के निरीक्षण के दौरान कैडेट से बातचीत करते निरीक्षण अधिकारी एयर कमोडोर साजी जैकब।

सैनिक स्कूल सोसाइटी, रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निरीक्षण अधिकारी एयर कमोडोर साजी जैकब ने सैनिक स्कूल खारा खेड़ी का निरीक्षण किया। स्कूल में पहुंचने पर निदेशक डॉ. ज्योत्सना, कर्नल डीवी नेहरा कमांडेंट, डॉ. आरए प्रभाकर प्रिंसिपल और स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य सिंह ने उनका स्वागत किया। कर्मचारियों से परिचय के बाद, आईओ ने बाधा कोर्स का उद्घाटन किया और परिसर में एक पौधा लगाया। उन्हें कमांडेंट द्वारा परिसर में नए सैनिक स्कूल की स्वीकृति के बाद से स्कूल में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। बाद में, उन्होंने कक्षाओं का निरीक्षण किया और कैडेटों से बातचीत की। उन्होंने विभिन्न प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और छात्रावासों का भी निरीक्षण किया। एटीएल प्रयोगशाला में उन्होंने कैडेट वेदांत पंत द्वारा तैयार किए गए इनोवेटिव मॉडल दिव्यांग साथी फोल्डेबल स्टिक को देखा और कैडेट को उनके इनोवेशन के लिए बधाई दी। कमोडोर जैकब ने स्कूल कैंपस मॉडल बनाने वाले कैडेट आर्यन सिन्हा और विस्मय जांगिड़ की सराहना की। इसके बाद उन्होंने कैडेटों को संबोधित किया और उन्हें स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं का सवार्त्तम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कैडेटों से कहा कि वे अधिकारी के रूप में रक्षा बलों में शामिल होने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपना 100 प्रतिशत प्रयास करें। बाद में उन्होंने कैडेट्स के साथ कैडेट्स मेस में लंच किया। स्कूल से वापिस जाने से पहले उन्होंने स्कूल प्रबंधन से बातचीत की और कैडेटों को गुणवत्तापूर्ण सैनिक स्कूल जैसी शिक्षा प्रदान करने के उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कैडेटों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक और आउटडोर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रबंधन की सराहना की। अध्यक्ष डॉ. युद्धवीर सिंह ने वार्षिक निरीक्षण के सफल आयोजन पर प्रसन्नता जताई।